बिहार सरकार,

जल संसाधन विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

सितम्बर 27, 2024

दिनांक 27.09.2024 से नेपाल प्रभाग में निरंतर अत्यधिक एवं अप्रत्याशित वर्षापात जारी है, जिसके फलस्वरूप आगामी 48 घंटों के दौरान नेपाल प्रभाग से उद्गमित होने वाली गंडक, कोशी, महानंदा आदि नदियों में अप्रत्याशित जलश्राव प्रवाहित होने की संभावना है।

जल संसाधन विभाग के बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, पटना द्वारा निर्गत पूर्वानुमान के अनुसार दिनांक 28.09.2024 को रात्रि 12:00 बजे वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज से 6.00 लाख क्यूसेक एवं दिनांक 28.09.2024 को दोपहर 12:00 बजे वीरपुर स्थित कोशी बराज से 6.81 लाख क्यूसेक जलश्राव प्रवाहित होने की संभावना है, जो अबतक प्रवाहित अधिकतम जलश्राव के सन्निकट होगा।

उक्त संभावित स्थिति के आलोक में विभागीय स्तर पर प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक की गई, जिसमें अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण एवं अभियंता प्रमुख, मुख्यालय सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। उच्चस्तरीय बैठक के दौरान स्थिति की गंभीरता के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्णय लिये गये।

विभाग द्वारा सभी क्षेत्रीय अभियंताओं को तटबंधों/संरचनाओं के सुरक्षा के दृष्टिकोण से आगामी 48 घंटों तक संवेदनशील/अतिसंवेदनशील स्थलों पर कैम्प करने का निदेश दिया गया है। सभी स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का भंडारण कराया गया है। साथ ही आवश्यकतानुसार संवेदनशील/अतिसंवेदनशील स्थलों के बेहतर पर्यवेक्षण हेतु अतिरिक्त अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति भी की गयी है। विभाग के अंतर्गत सभी पदाधिकारियों का अवकाश अगले आदेश तक रद्द कर दिया गया है।

संभावित आपदा की स्थिति के मद्देनजर संबंधित जिला प्रशासन को भी सभी आवश्यक ऐहतियाती कार्रवाई करने, तटबंध के नदी भाग में आवासितों को अवगत कराते हुए यथोचित कार्रवाई करने एवं बाढ़ आपदा के लिए जिला प्रशासन के स्तर से गश्ती सुनिश्चित कराने हेतु निदेशित किया गया है।

सभी तटबंधों/संरचनाओं के सुरक्षार्थ सतत् निगरानी एवं चौकसी बरती जा रही है।

ह०/—
(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

जन—संपर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/09/24

(मनोज रमण)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना